
# अपने वित्तीय खाते का सुरक्षित रूप से उपयोग करें

ऐसा पिन नंबर चुनें जिसे केवल आप जानते हों।




अपना पिन नंबर हमेशा गुप्त रखें




अपना पिन नंबर कभी भी सांझा नहीं करें

धोखाधड़ी के कॉल से सावधान रहें




यदि आपको अपना पिन नंबर पूछने के लिए कॉल आता है, तो कभी भी न दें, भले ही वे कहें कि वे आपके बैंक से हैं।

"मैं अपना खाता सुरक्षित रखने के लिए अपना पिन नंबर या पासवर्ड किसी के भी साथ सांझा नहीं करती।"



RISE

# वित्तीय सेवाएँ आपके लिए हैं।

## वित्तीय खातें हैं....

### सुरक्षित और आसान

- आप अपने फोन से अपने बैंक खाते का उपयोग कर सकतें हैं।
- आप डेबिट कार्ड का उपयोग कर सकते हैं
- आप अपना पैसा कभी भी निकाल सकतें हैं
- आप अपना पैसा बैंक में सुरक्षित रख सकते हैं

### सुविधाजनक


- पैसें भेजना
- बिलों का भुगतान
- ऑनलाइन खरीददारी
- मोबाइल रीचार्ज

• अपने खाते में, आप हर महीने अपनी आय और अपने खर्चों को ट्रैक कर सकते हैं और अपने वेतन पर नियंत्रण रख सकते हैं।

• सुनिश्चित करें कि फीस और बैंक खातें की सीमा क्या है।

• यदि आपको कोई समस्या है, तो अपने फ़ैक्टरी मेनेजर से संपर्क करें या अपने वित्तीय सेवा प्रदाता(फ़िनान्शियल सर्विस प्रोवाइडर) को फोन करें।


"मैं अपनी आय और व्यय को ट्रैक कर सकतीं हूँ क्योंकि मेरा फोन नंबर मेरे बैंक खाते से जुड़ा हुआ है। यूएसएसडी *99# और यूपीआई(UPI) का उपयोग करके बहुत आसानी से अपने घर पैसें भेज पातीं हूँ"



RISE

# वित्तीय योजना

## आपके वित्तीय लक्ष्य क्या हैं?




### ध्यान रखें

अपने लक्ष्यों पर चर्चा करें और अपने परिवार के साथ बचत करें

अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपने डिजिटल खाते में बचत करना शुरू करें और अपने खर्च की निगरानी करने के लिए अपने बैंक खातें को चेक करतें रहें।

"मेरा लक्ष्य हैं कि मैं अपनी बेटी को कॉलेज भेजूँ। मैं अपने गाँव में खेती के लिए कुछ ज़मीन भी खरीदना चाहतीं हूँ। मैंने अपने परिवार के साथ बैठकर योजना बनाई है कि हमें अपने लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए हर महीने कितनी बचत करनी होगी।"



RISE

# बजट कैसें बनायें

| | ख़र्चे | पैसें |
|---|---|---|
| आय | **वेतन**<br>आपका वेतन<br>आपके पति/पत्नी का वेतन<br>**अन्य आय**<br>खेती से आय | |
| ख़र्चे | **मूलभूत आवश्यकतायें**<br>पौष्टिक आहार<br>किराया<br>बिल<br>दवाई<br>स्कूल फ़ीस<br>**गैर-आवश्यक**<br>स्नेक्स और मिठाई<br>नये कपड़े | |
| बचत | कुल आय - कुल ख़र्च<br>(आय में से ख़र्च को घटा दें) | |

बचा हुआ पैसा = आपकी बचत

## ध्यान रखें

अपने परिवार के साथ बजट बनाएँ।

आवश्यक खर्चों पर ध्यान दें और गैर-आवश्यक वस्तुओं को कम करें।

अपनी बचत को अपने बैंक खाते में रखें।




अपनी बुनियादी ज़रूरतों पर ख़र्चों को प्राथमिकता दें



गैर-आवश्यक ख़र्चों को कम करें



RISE

# हर कोई बचत कर सकता है, आज हीं बचत करना शुरू करें!

**बचत क्यों ज़रूरी हैं**



- अपने लक्ष्यों तक पहुँचने के लिए
- आपातकालीन परस्थितियों के लिए

**बचत कैसें करें**




- तय करें कि इसे कितनी बचत करनी हैं और इस निर्णय पर बनें रहें
- केवल उतने ही पैसें बैंक खातें से निकालें जितने की आपको आवश्यकता हों, और बाकी पैसें अपने खाते में सुरक्षित रहनें दें

**बचत(पैसों) की सुरक्षा**



- बचत खाता खोलें और उसका उपयोग करें

" मेरा सपना हैं कि मैं अपनी बेटी को कॉलेज़ भेजूँ और अपने इस सपने को पूरा करने के लिए मैं अपने बैंक खाते में हर महीने 1000 रुपये की बचत कर रहीं हूँ।"



## जिम्मेदारी से ऋण/उधार

- उधार/ऋण लेने के बजाय बड़े खर्च को कम करके बचत करना बेहतर है
- यदि आपको वास्तव में ऋण/उधार लेने की आवश्यकता है तो केवल प्रतिष्ठित स्रोतों जैसे कि बैंकों से ही लें
- यदि आप ऋण का भुगतान नहीं कर पातें हैं तो आपको और अधिक शुल्क का भुगतान करना पड़ेगा
- पता करें कि ऋण की ब्याज दर और अन्य शुल्क क्या हैं

# परिवार के साथ वित्त और पैसों के बारे में चर्चा करना

जो परिवार एक साथ वित्तीय निर्णयों पर चर्चा करते हैं, उनके वित्तीय लक्ष्यों के पूरा होने की संभावना अधिक होती हैं और उनके आपसी रिश्ते भी मज़बूत होतें हैं

## बातचीत के दौरान ध्यान रखें

- सामने वाले की सोच-विचार को स्वीकार करें
- सामने वाले की पूरी बात सुनें
- एक सामान्य समाधान खोजने के लिए समझौता करने के लिए तैयार रहें
- आत्मविश्वास के साथ अपनी बात और सोच-विचार रखें
- बातचीत के दौरना आँखों से उचित संपर्क बना कर रखें
- अन्य मुद्दों को बातचीत में नहीं लायें

"हमारी आपस में पैसों के बारे में बहुत बहस हुआ करती थी, लेकिन जब से हमने अपनें लक्ष्यों को निर्धारित किया हैं और एक साथ बजट बनाना शुरू किया हैं,तब से हमारे घर में हमारे आपसी रिश्तें बेहतर हो गयें हैं।"



यदि आप घर पर लड़ाई-झगड़े या हिंसा का सामना करते हैं तो: कृपया पुलिस सहायता के लिए 100 नंबर पर कॉल करें, या महिलाओं के खिलाफ हिंसा के लिए 1091 या 181 पर मदद के लिए कॉल करें।

RISE

# बिना इंटरनेट के मोबाइल बैंकिंग

यूएसएसडी सेवाएं
डायल करें *99#

## टेलिकॉम सेवाओं से जुड़े किसी भी मोबाइल फोन का उपयोग करें

कीपैड फोन

स्मार्टफोन

इंटरनेट की आवश्यकता नहीं हैं

## आपको जरुरत है...

आपके मोबाइल का सिम, टेलिकॉम सेवाओं से पंजीकृत हो

आपका मोबाइल नंबर आपके बैंक खाते से जुड़ा हो

आपके पास बैंक का डेबिट कार्ड/एटीएम हो

## यूएसएसडी सेवाओं में पंजीकरण इस प्रकार करें

अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से *99# डायल करें

पॉप-अप मेनू से अपना बैंक चुनें

सूची से अपना बैंक खाता चुनें

अपना यूपीआई आईडी पिन सेट करें:

a) अपने डेबिट कार्ड के सामने दिये गए अंतिम 6 अंक दर्ज करें

b) समाप्ति तिथि दर्ज करें

c) अपना पिन नंबर बनाएं और पुष्टि करें

यूएसएसडी सेवाओं का उपयोग शुरु करने के लिए फिर से *99# डायल करें

## यूएसएसडी के माध्यम से लाभ और सेवाएं

पैसें भेजना

पैसें प्राप्त करना

भुगतान के लिए लंबित अनुरोध की जांच करना

अपनी शेष राशि और अपने पिछले 5 लेनदेन के विवरण की जांच करना

जरूरत पड़ने पर अपना यूपीआई पिन नंबर बदलना

यूएसएसडी सेवा का उपयोग करने के लिए प्रति लेनदेन पर 0.50 पैसे का भुगतान करना होता हैं।

एक समय में अधिकतम 5000 रुपये और प्रति वर्ष 50,000 रुपये तक का लेनदेन कर सकतें हैं।

RISE